हमारे लिए मूंछ काटने, नाखून काटने, बगल के बाल उखाड़ने, और जघन बाल काटने की अवधि निर्धारित की गई है कि इन्हें हम चालीस रातों से अधिक न छोड़ें।

अनस बिन मालिक -रज़ियल्लाहु अनहु- का वर्णन है, वह कहते हैं : "हमारे लिए मूंछ काटने, नाखून काटने, बगल के बाल उखाड़ने, और जघन बाल काटने की अवधि निर्धारित की गई है कि
इन्हें हम चालीस रातों से अधिक न छोड़ें।"
[स़ह़ीह़] [इसे मुस्लिम ने रिवायत किया है]

अल्लाह के नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने मूंछ काटने, हाथ तथा पाँव के नाखून काटने, बगल के बाल उखाड़ने और जघन बाल काटने की सीमा निर्धारित कर दी है कि इन्हें चालीस दिन से अधिक न छोड़ा जाए।

http://www.sunnah.global/hadeeth/hi/show/66049